http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 45

प्रयागराज बुधवार 30 अक्टूबर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

## शाह ने सरदार पटेल की जयंती पर 'एकता दौड़' को रवाना किया

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के पहले गृह मंत्री , भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्राष्ट्रीय एकता दिवसश के मौके पर मंगलवार को यहां श्एकता दौड़श को हरी झंडी दिखाकर



रवाना किया। एकता दौड़ का आयोजन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में किया गया। सरदार पटेल की जयंती को हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा, श्इस बार 31 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार है। इसलिए एकता दौड़ का आज 29 अक्टूबर धनतेरस के शुभ अवसर पर आयोजित करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2014 को देश की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल की याद में हर वर्ष एकता दौड़ का आयोजन करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि यह दौड़ सिर्फ भारत की एकता का संकल्प नहीं है, अब यह श्विकसित भारतश का संकल्प भी बन गया है। उन्होंने कहा , श्यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों तक सरदार पटेल को भूलने की कोशिश की गई। वर्षों तक उन्हें भारत रत्न सम्मान से वंचित रखा गया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करके सरदार पटेल की स्मृति को जीवित रखने का काम किया है। बाद में श्री शाह ने श्एकता दौड़श को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। दौड़ में भाग लेने के लिए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, मनोहर लाल खट्टर, नित्यानंद राय , दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और स्थानीय सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद थे।

# '500 साल बाद भगवान राम...'

### धनतेरस के मौके पर जब पीएम मोदी ने किया राम मंदिर का जिक्र

**● यू-विन पोर्टल लॉन्च, पीएम मोदी बोले- ये दिवाली है ऐतिहासिक, राम मंदिर में पहली बार होगा ये काम**

**● रोजगार मेला में पीएम मोदी ने बांटे 51000 अप्वाइंटमेंट लेटर, बोले- हमने आत्मनिर्भर भारत पर किया काम**

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार की दीपावली ऐतिहासिक है। 500 साल बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाएं जाएंगे। एक अद्भुत उत्सव होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि आज पूरा देश धनतेरस और भगवान धनवंतरी की जयंती का पर्व मना रहा है। मैं आप सभी को धनतेरस और भगवान धनवंतरी की जयंती की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज के दिन देश में बहुत बड़ी संख्या में लोग अपने घर के लिए कुछ न कुछ नया खरीदते हैं, मैं विशेष रूप से देश के व्यापारी साथियों को बधाई देता हूं। आप सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार की दीपावली ऐतिहासिक है। 500 साल बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाएं जाएंगे। एक अद्भुत उत्सव होगा। ये ऐसी दीपावली होगी, जब हमारे राम एक बार फिर अपने घर आए हैं, और इस बार ये प्रतीक्षा 14 वर्षों के बाद नहीं, 500 वर्षों बाद पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए खुशी की बात है कि आज 150 से ज्यादा देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। ये प्रमाण है, आयुर्वेद को लेकर बढ़ रहे वैश्विक आकर्षण का। ये प्रमाण है, नया भारत अपने प्राचीन अनुभवों से विश्व को कितना कुछ दे सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस देश के नागरिक जितने स्वस्थ होंगे, उस देश के प्रघ्गति की गति भी तेज होगी, इस सोच के साथ अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य नीति के पांच स्तंभ तय किए हैंरू– 1– प्रिवेंटिव हेल्थकेयर यानी बीमारी होने से पहले का बचाव।, 2– समय पर बीमारी की जांच।, 3– मुफ्त और सस्ता इलाज, सस्ती दवाएं।, 4– छोटे शहरों में अच्छा इलाज, डॉक्टरों की कमी दूर करना।, 5 – स्वास्थ्य सेवा में टेक्नॉलॉजी का विस्तार। मोदी ने कहा कि एक समय था, जब इलाज में लोगों के घर, जमीने, गहने सब बिक जाते थे। गंभीर बीमारी के इलाज का खर्च सुनते ही गरीब की आत्मा कांप जाती थी। पैसे की कमी की वजह से इलाज न करा पाने की बेबसी, बेचारगी गरीब को तोड़ कर रख देती थी। मैं अपने गरीब भाई–बहनों को इस बेबसी में नहीं देख सकता था, इसलिए ही श्आयुष्मान भारतश योजना ने जन्म लिया है।

### केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य नीति के 5 स्तंभ तय किए हैं- पीएम मोदी

- **पहला-** प्रिवेंटिव हेल्थ केयर यानी बीमारी से पहले का बचाव
- **दूसरा-** समय पर जांच
- **तीसरा-** मुफ्त और सस्ता इलाज, दवाएं
- **चौथा-** छोटे शहरों में अच्छा इलाज, डॉक्टरों की कमी दूर करना
- **पांचवां-** स्वास्थ्य सेवा में टेक्नोलॉजी का विस्तार



## फगवाड़ा के निकट गुरुद्वारा टिकसा साहिब में लगी आग, भारी नुकसान का अनुमान

फगवाड़ा,(एजेंसी)। फगवाड़ा के निकट सपरोड़ गांव में स्थित गुरुद्वारा टिकसा साहिब की इमारत में भीषण आग लग गई, जिससे इमारत और उसके आसपास के इलाकों को भारी नुकसान पहुंचा। सुबह–सुबह लगी आग तेजी से फैल गई, जिससे परिसर के कई हिस्से जलकर खाक हो गए और



काफी नुकसान हुआ। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने गुरुद्वारा परिसर में आग की लपटें तेजी से फैलती देखीं। आग में फर्नीचर और अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गए, जिससे समुदाय सदमे और शोक में है। आग की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग ने तीन दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया और स्थिति को काबू में करने तथा और अधिक नुकसान होने से रोकने का प्रयास किया।

# डेढ़ लाख गो-दीपों से जगमगाएगी रामनगरी

**● सीएम बोले- आश्रय स्थलों पर भी आयोजित हो गो-पूजन**

लखनऊ,(एजेंसी)। इस बार दीपोत्सव के मौके पर डेढ़ लाख गो–दीपों से रामनगरी जगमगाएगी। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के आश्रय स्थलों पर भी गो–पूजन आयोजित किया जाए। अयोध्या के दीपोत्सव में पशुधन विभाग की ओर से 1.5 लाख गो दीप जलाने का संकल्प लिया गया है। इसे लेकर पशुधन मंत्री ने कुछ दीपक और अन्य गो उत्पाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेंट किए हैं। इस अवसर पर सीएम ने प्रदेश के गो आश्रय स्थलों में गो पूजन आयोजित करने के निर्देश दिए। रामनगरी अयोध्या में बालक राम का नव्य मंदिर बनने के बाद इस बार पहला दीपोत्सव बेहद खास होगा। सूबे की योगी सरकार भी इसे खास बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। भव्य दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी विभाग अपनी–अपनी ओर से दीपोत्सव की भव्यता को बढ़ाने में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सीएम को भेंट किए गो दीप और अन्य गो उत्पाद भेंट इसी कड़ी में पशुधन विभाग ने अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर डेढ़ लाख गो दीप जलाने का संकल्प लिया है। इसको लेकर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सीएम योगी को प्रतीकात्मक रूप से गो दीप और अन्य गो उत्पाद भेंट किए। यह आयोजन प्रदेश में गोवंश के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पशुधन विभाग की ओर से जलाए जाएंगे गो दीप बताते चलें कि इस बार अयोध्या में 35 लाख से अधिक दीपक जलाने का संकल्प लिया गया है। इसमें अकेले 28 लाख दीये केवल सरयू नदी के 55 घाटों पर जलाए जाएंगे। इसे विश्व कीर्तिमान के रूप में स्थापित किया जाएगा। इन दीपों में पशुधन




विभाग की ओर से डेढ़ लाख गो दीप जलाए जाएंगे। इस संकल्प को सीएम ने भी सराहा है। आश्रय स्थलों में भी आयोजित हो गो पूजन इस मौके पर सीएम ने गो संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रदेश के सभी जिलों में गो आश्रय स्थलों पर गो पूजन के कार्यक्रम के आयोजित करने के निर्देश दिए। कहा कि गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर प्रदेश के गो आश्रय स्थलों में विधिवत गो पूजन आयोजित किया जाएगा। ये सभी लोग लें हिस्सा इसमें मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गो प्रेमी शामिल होंगे। सभी लोग गो पूजन संपादित करेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य गोवंश के प्रति समाज में जागरुकता फैलाना है। इससे गोवशों की देखभाल को बढ़ावा मिलेगा। गोवंश का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता सीएम ने यह निर्देश भी दिए कि प्रदेश के सभी गो आश्रय स्थलों में गोवंश के भरण–पोषण, हरे चारे की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश का संरक्षण और संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## केरल के मंदिर में आतिशबाजी भंडार में विस्फोट से 154 लोग घायल

कासरगोड,(एजेंसी)। केरल के कासरगोड में नीलेश्वर के अंजुताम्बलम वीरारकावु मंदिर में मंगलवार तड़के वार्षिक थेय्यम उत्सव के दौरान आतिशबाजी भंडारण क्षेत्र में हुए भीषण विस्फोट में लगभग 154 लोग झुलस गए। कासरगोड के कलेक्टर इंबासेकर के. ने बताया कि त्योहार के लिए रखे



गए पटाखों में विस्फोट हो गया और कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि 154 लोगों में से 97 को अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से आठ लोग 80 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि 16 लोगों को कान्हानगढ़ जिला अस्पताल में, 10 लोगों को मावुंगल संजीवनी अस्पताल में, 10 लोगों को कन्नूर के परियाराम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में, 17 लोगों को कान्हानगढ़ ऐशल अस्पताल में , तीन लोगों को कान्हानगढ़ अरिमला अस्पताल में , 18 लोगों को मिम्स अस्पताल कन्नूर में, 18 लोगों को मैंगलोर एजे मेडिकल कॉलेज में और शेष लोगों को कासरगोड जिले के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती किया गया है।

## केंद्र सरकार ने किसानों के प्रति कोई अपनापन नहीं दिखाया: प्रियंका गांधी

**● मैं आप लोगों को निराश नहीं करूंगी: प्रियंका गांधी**



वायनाड (केरल),(एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह केरल के वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं कराकर पुनर्वास कार्यों की उपेक्षा कर रही है। प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव में कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। उन्होंने 13 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार का रुख लोगों और राष्ट्र का सम्मान नहीं करने के उनके भाव को दर्शाता है और यह बात उसके पिछले 10 वर्ष के शासन के दौरान बनाई गई नीतियों से भी स्पष्ट है। केंद्र सरकार ने किसानों के प्रति कोई अपनापन नहीं दिखाया कांग्रेस नेता ने यहां ईंगापुझा में एक नुक्कड़ सभा में कहा कि मोदी सरकार की नीतियां हमेशा प्रधानमंत्री के पांच–छह कारोबारी मित्रों के सहयोग के लिए बनाई जाती हैं और जनता को इनसे लाभ नहीं होता। उन्होंने वायनाड में हुए भूस्खलन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जिले में आए, प्रभावित स्थानों का दौरा किया, लोगों से मिले और उन्हें हर तरह की मदद का वादा किया, लेकिन केंद्र सरकार ने इसके महीनों बाद भी प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने किसानों के प्रति कोई अपनापन नहीं दिखाया, देश भर में आदिवासी समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया और जनता की जरूरतों को पूरा करने के बजाय बड़े कॉरपोरेट समूहों को भूमि आवंटित कर रही है।

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि मोदी सरकार द्वारा रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक क्षेत्रों की उपेक्षा की गई है। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि मोदी सरकार ने भारत के लोगों के प्रति पूरी तरह अनादर दिखाया है। उनका कहना था, ''यदि आप लोगों के लिए सम्मान खो देते हैं।

, तो आप देश के लिए सम्मान खो देते हैं। आज देश में उस प्रचलित राजनीति को बदलने की जरूरत है जिसमें केवल सत्ता मायने रखती है और लोगों का कोई महत्व नहीं है।

## ईडी ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे समेत अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की

रांची,(एजेंसी)। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह सहित उनके अन्य करीबी रिश्तेदारों के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी की टीम कांके रोड स्थित विनय चौबे के आवास और हरमू




स्थित गजेंद्र सिंह के आवास पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है । बताया जा रहा है कि ये कार्रवाई शराब घोटाले मामले में की गयी है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने अपनी पड़ताल में पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाला हुआ। साल 2019 से 2022 तक सरकारी शराब की दुकानों से अवैध शराब को डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेचा गया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर हुए 2050 करोड़ रुपये के शराब घोटाले मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ–साथ झारखंड के आईएएस और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे को भी आरोपित बनाया गया है। ईओडब्ल्यू रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के निवासी विकास सिंह के बयान के आधार पर पहले मामले की जांच की और फिर मामला दर्ज किया।

# सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

श्रीनगर,(एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर में अखनूर के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास करीब 24 घंटे से अधिक समय तक आतंकवादियों के खिलाफ चले अभियान में सुरक्षा बलों ने सभी तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अखनूर ऑपरेशन में तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। इस ऑपरेशन में सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ राउंड–द–क्लॉक सर्विलांस के बाद मंगलवार सुबह तेज गोलीबारी करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया। व्हाइट नाइट कोर ने श्एक्सश पर पोस्ट किया," राउंड–द–क्लॉक सर्विलांस के बाद आज सुबह भीषण गोलीबारी हुई, जिसके कारण हमारे बलों को महत्वपूर्ण जीत मिली और इस मुठभेड़ में तीनों आतंकवादी मारे गये। ष आतंकवादियों के एक समूह ने सोमवार सुबह खौर के भट्टल इलाके में एलओसी के पास जोगवान गांव में असन मंदिर के पास एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर सेना के काफिले



पर गोलीबारी की, जिसके बाद विशेष बलों, पुलिस और सेना ने अभियान 'असन' शुरू किया। सैनिकों ने जब जवाबी कार्रवाई की, तो हमलावर पास के जंगल की ओर भाग गए और बाद में एक बेसमेंट के अंदर छिपे हुए थे। मुठभेड़ के बीच सोमवार को ही एक आतंकवादी को मार गिराया गया और घटनास्थल से उसका शव, एक एके असॉल्ट राइफल और कई इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सेना के विशेषज्ञ कुत्ते श्फैंटमश ने भी इस अभियान में सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा, ष्हम अपने सच्चे नायक एक बहादुर सेना के कुत्ते, फैंटम के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। जब हमारे सैनिक फंसे हुए आतंकवादियों के करीब पहुँच रहे थे, तो फैंटम ने दुश्मन की गोलीबारी का सामना किया, जिससे उसे घातक चोटें आईं। उसके साहस, निष्ठा और समर्पण को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।ष जम्मू– कश्मीर में पिछले दो सप्ताह में सात हमले हुए हैं। इसमें दो सैनिक शहीद होने के साथ ही 13 लोगों की मौत हो गयी। हमलों के बाद जम्मू, कठुआ, सांबा, पुंछ और राजौरी सहित जम्मू के सीमावर्ती जिलों के लिए पहले से ही हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था।

# रोजगार की निर्भरता

कृषि पर रोजगार की निर्भरता घटना विकास की आम प्रक्रिया का हिस्सा है। उच्च शिक्षा में ऊंची भागीदारी और कंप्यूटर का अधिक उपयोग आज विकास के मूलभूत स्तंभ हैं। इन तीनों पैमानों पर कमजोर सूरत के साथ भारत आखिर कहां पहुंच सकता है?हाल में जारी आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट से यह चिंताजनक आंकड़ा सामने आया कि भारत में श्रमिकों का विपरीत विस्थापन हो रहा है। यानी बड़ी संख्या में मजदूर गैर–कृषि क्षेत्रों से वापस कृषि क्षेत्र में चले गए हैं। भारत सरकार की इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 2018–19 में देश में 42.5 प्रतिशत श्रमिक कृषि क्षेत्र पर आश्रित थे। 2023–24 में यह संख्या 46.1 प्रतिशत हो गई। दूसरी तरफ मैनुफैक्चरिंग एवं कंस्ट्रक्शन में लगभग समान संख्या में 11 से 12 प्रतिशत तक श्रमिकों को काम मिला हुआ है। इन दोनों क्षेत्रों में रोजगारशुदा कर्मियों की संख्या 2018–19 की तुलना में घट गई है। रिपोर्ट के अनुसार 2028–19 के बाद के पांच वर्षों में छह करोड़ 80 लाख मजदूर वापस कृषि क्षेत्र में लौट गए ।स्पष्टतरू इनमें बड़ी संख्या उन मजदूरों की होगी, जो कोरोना महामारी के समय अपने गांव चले गए थे। लेकिन उनका वहीं बने रहना यह बताता है कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में रोजगार देने की पुरानी क्षमता लौटी नहीं है। गौरतलब है कि 2004–05 से 2018–19 के बीच छह करोड़ 60 लाख मजदूर कृषि क्षेत्र से दूसरे क्षेत्रों में काम करने गए थे। उसके बाद जो हालात बने, उसमें बात वापस 20 पहले वाले मुकाम पर पहुंच गई है। अब एक दूसरे सरकारी आंकड़े पर गौर करें। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में सिर्फ 9.9 फीसदी घरों में कंप्यूटर हैं।

देश में 15 साल या उससे अधिक उम्र के हो चुके लोगों के बीच स्कूल में समय गुजारने का औसत 8.4 वर्ष बना हुआ है। मतलब यह कि उच्च शिक्षा में आबादी का एक छोटा हिस्सा ही पहुंच पाता है। इन तीन आंकड़ों को ध्यान में रखें, तो अंदाजा लगाना आसान हो जाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का वर्तमान कैसा है और भविष्य की संभावनाएं कितनी मजबूत हैं। कृषि क्षेत्र पर रोजगार की निर्भरता घटना विकास की आम प्रक्रिया का हिस्सा है। वहीं उच्च शिक्षा में ऊंची भागीदारी और कंप्यूटर का अधिक उपयोग आज विकास के मूलभूत स्तंभ हैं। इन तीनों पैमानों पर कमजोर सूरत के साथ भारत आखिर कहां पहुंच सकता है?

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं ।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बढ़ते कदम



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में सभी प्रकार के उद्यमों, उद्योगों की स्थापना तेजी से हो रही है। उद्यम/उद्योग–धंधे स्थापित करने वाले उद्यमियों को हर स्तर पर सुविधा व सहयोग दिया जा रहा है। निवेश मित्र के माध्यम उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वांछित अनापत्ति/लाइसेन्स/अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया ऑनलाइन व्यवस्था की गई है जिससें उद्यमी समयबद्ध रूप से स्वीकृतियाँ आदि प्राप्त कर रहे है। तत्कम में विभाग की रोजगार परक योजना यथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना को निवेश मित्र पोर्टल से लिंक करा दिया गया है जिससे आवेदन कर्ताओं को आवेदन करने में और अधिक सुविधा प्राप्त हो गयी है। उक्त के साथ ही पोर्टल के माध्यम से योजनाओं का अनुश्रवण भी अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2020–21 से दिनाक 18.04.2024 तक कुल लगभग 2794180 उद्यम पंजीकृत हुये हैं।

उ०प्र० सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तकनीकी उन्नयन योजना, हस्तशिल्प विपणन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हस्तशिल्प पेंशन योजना, विशिष्ट शिल्पकारों के लिए पेंशन योजना, 72 घण्टे में अभिस्वीकृति प्रमाण–पत्र निर्गमन, स्टाम्प ड्यूटी छूट और कारीगरों की सूची को ऑनलाइन कराया गया। प्रदेश सरकार द्वारा उद्यमियों के विलम्बित भुगतान की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु राज्य स्तर पर गठित फैसिलिटेशन काउसिंल की व्यवस्था को मण्डल स्तर पर विकेन्द्रीकृत किया गया है. जिससें उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके।

लोन मेला–उ०प्र० सरकार द्वारा लाकडाउन के विषम समय में एमएसएमई इकाईयों को लाभान्वित कराने हेतु ३ केडिट आनलाइन लोन मेला का आयोजन किया गया। प्रदेश के लोगों को रोजगार उपलब्ध करा कर उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु दिनाक 23–06–2021 को ऑनलाइन रोजगार संगम कार्यक्रम में लगभग सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की इकाइयों को आनलाइन ऋण वितरण किया गया। एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत 09 जनपदों में सामान्य सुविधा केंद्र का ऑनलाइन शिलान्यास हुआ तथा ई–सेवा पोर्टल का भी शुभारम्भ किया गया। तत्क्रम में दिनांक 30–06–2022 को मिशन रोजगार के तहत रोजगार संगम लोन मेला समारोह का आयोजन करते हुए ऑनलाईन ऋण वितरण किया गया एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत 05 जनपदो में सामान्य सुविधा केंद्र का ऑनलाइन उदघाटन हुआ। 27 जून 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर एक वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु बैंकों द्वारा रू० 20 हजार करोड का ऋण वितरण किया गया। दिनांक 03–01–2024 को एमएसएमई क्षेत्र हेतु रू0 51000 करोड के मेगा ऋण वितरण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा जनपद मथुरा, मेरठ, अमरोहा, सीतापुर के लिए 04 प्लेज पार्क हेतु चेक वितरण किया गया तथा 03 ओडीओपी सीएफसी जनपद सहारनपुर सम्भल, मुरादाबाद का लोकार्पण किया गया। ओडीओपी उत्पादों के वृहद प्रचार–प्रसार हेतु निगम द्वारा तैयार की गई कॉफी टेबल बुक का विमोचन मा० मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम कलस्टर विकास योजना के अन्तर्गत 04 सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) स्थापित किये जा चुके है एवं 02 स्थापनाधीन है। 14 से 27 नवम्बर, 2021 के मध्य भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का सफलता पूर्वक आयोजन नई दिल्ली में किया गया जिसमें विभाग को "गोल्डन पुरस्कार" प्राप्त हुआ है। 14 से 27 नवम्बर 2022 के मध्य भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में उत्तर प्रदेश को फोकस राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ। वर्तमान में 14 से 27 नवम्बर, 2023 के मध्य आयोजित भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन नई दिल्ली में भागीदारी के लिये फोकस राज्य उत्तर प्रदेश को विशेष प्रशंसा पदक से पुरस्कृत किया गया जिसमें एम0एस0एम0ई0 एवं एक जनपद एक उत्पाद के स्टॉल लगाये गये थे। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)–ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में दिनांक 21 से 25 सितम्बर, 2023 तक प्रथम यू0पी0आई0टी0एस0 का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा किया गया। उक्त शो में प्रदेश एक्सपोर्टर्स सहित ओडीओपी उत्पाद विभिन्न सेक्टर की इकाईयो तथा सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों ने अपने स्टॉल लगाये। शो में लगभग 70 देशों के ब्रायर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस शो के माध्यम से प्रदेश में निवेश तथा एक्सपोर्ट बढ़ाने की दिशा में सफल प्रयास किया गया है।



' भारत सरकार द्वारा शासकीय क्रय हेतु पारदर्शी एवं गुणवत्ता परख व्यवस्था के अन्तर्गत सामान्य क्रय व्यवस्था लागू की गयी है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी अंगीकृत किया गया है उ0प्र0 में जेम सेल लखनऊ में स्थापित किया गया। उत्तर प्रदेश को सरकारी विभागों में देश में सबसे अधिक जैम पोर्टल पर क्रय किये जाने पर भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। क्रेता विक्रेता गौरव सम्मान समारोह–2023 के विभिन्न कैटेगरी के अवार्ड्स में प्रदेश को छ कैटेगरी में प्रथम स्थान तथा 2 कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश में तृतीय ग्राउण्ड बैंकिग सेरेमनी दिनांक 03 जून 2022 को आयोजित की गयी जिसमें एमएसएमई क्षेत्र के 159 उद्यमियों द्वारा उद्यम स्थापनार्थ शिलान्यास कराया गया जिसके अन्तर्गत रू0 1934.64 करोड की पूँजी निवेश आच्छादित है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 का आयोजन दिनांक 10–12 फरवरी, 2023 को किया गया, निवेश को आकर्षित करने हेतु एमएसएमई क्षेत्र में भी 8877 एमओयू हस्ताक्षरित करायें गये जिससे रू0 138127.45 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं जिन्हे धरातल पर लाने हेतु लगातार समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जा रहा है जिससे अधिकाधिक रोजगार सृजन हो सकें। इसी क्रम में दिनांक 19.02.2024 को आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी / 4.0 एमएसएमई क्षेत्र के 2605 एमओयू के रू0 39967.99 करोड के निवेश प्रस्तावों को शामिल किया गया। प्रदेश में विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर दिनांक 17.09.2022 को 40 हस्तशिल्पियों को पुरस्कृत किया गया है। उ०प्र० सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य पुरस्कार योजना के अन्तर्गत 65 उद्यनियों को भी पुरस्कृत किया गया। विश्वकमा जयन्ती की पूर्व संध्या पर दिनांक 16.09.2023 को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट वितरित किये गये। विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर दिनांक 17.06.2024 को हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को टूलकिट वितरित किये गये तथा एमएसएमई इकाईयों को रू0 50,000 करोड़ के ऋण वितरित किये गये।

ओ०डी०ओ०पी० ई–कामर्स (ओडीओपीमार्ट डाट काम) पोर्टल लॉन्च किया गया है। सभी ई–कामर्स वेबसाइट पर ओ०डी०ओ०पी० उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। ई–कामर्स वेबसाइट पर 20,000 से अधिक ओ०डी०ओ०पी० उत्पाद बेचे जा रहे हैं। प्रदेश की उत्पादित वस्तुओं की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग बढ़ रही है। देश के निर्यात में प्रदेश की भागीदारी को दोगुना करके प्रदेश के आर्थिक विकास के पथ को प्रशस्त करने के उद्देश्य से 'एक्सपो मार्ट, लखनऊ एवं ग्रेटर नोयडा' की स्थापना भी की गई है। विश्व प्रसिद्ध भदोही के कलात्मक ऊनी कालीनों एवं ऊनी दरियों के उत्पादन एवं निर्यात की अभिवृद्धि हेतु भदोही में 'भदोही कार्पेट बाजार (एक्सपो मार्ट)' की स्थापना की गयी है। औद्योगिक अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु अभिनव प्रयास के रूप में प्लेड्ज (प्रमोटिंग लीडरशीप इन डेवलपिंग ग्रोथ इन्जन्स) योजना लायी गयी है. जिसके अंतर्गत 10 से 50 एकड़ तक के एम.एस.एम.ई. पार्क विकसित करने हेतु वांछित लागत रू0 50 लाख प्रति एकड की दर से 1 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज पर उपलब्ध करायी जा रही है। इस योजना के उत्साहवर्धन परिणाम प्राप्त हुए है एवं प्रदेश में अब तक कुल 11 प्लेज पार्कों की स्वीकृति जनपद अलीगढ़, सहारनपुर, कानपुर देहात, हापुड़ सम्भल, झांसी, मेरठ अमरोहा, सीतापुर, मथुरा एवं उन्नाव में की जा चुकी है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का शुभारम्भ किया गया है।

उक्त योजनान्तर्गत सूक्ष्म उद्यमियों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर इन इकाईयों को अधिकतम रू0 5.00 लाख तक की सीमा तक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष 2023–24 में प्रदेश में 02 इकाईयों को कुल रू0 10.00 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में 01 उद्यमी के सन्दर्भ में आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है जो प्रकियाधीन है। प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना हेतु वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से वर्ष 2024–25 के बजट में नई योजना के रूप में "मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान" प्रारम्भ किया गया है जिसके लिये 1000 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है।

# बांग्लादेश में अमेरिका के रणनीतिक हित स्पष्ट

डॉ. दिलीप चौबे

बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत को राजनीतिक और रणनीतिक रूप से बहुत धक्का लगा है। इस नुकसान की निकट भविष्य में भरपाई हो पाएगी ऐसी संभावना नहीं लगती।

भारत के लिए यह भी अफसोस की बात है कि जिस देश के निर्माण में उसने निर्णायक भूमिका निभाई थी वह फिर गुलामी की सुरंग में प्रवेश कर रहा है। यह विडम्बना है कि बांग्लादेश के नये हुक्मरान इसे दूसरी आजादी की संज्ञा दे रहे हैं। बांग्लादेश में राष्ट्रपिता शेख मुजिबुर रहमान की प्रतिमाओं को तोड़े जाने का दृश्य भारत के लोगों के लिए भी हृदयविदारक है। यह विचारणीय है कि बांग्लादेश का युवा वर्ग इतना गुमराह कैसे हो गया कि वह 1971 की आजादी की विरासत भी भूल गया। कहने के लिए युवा वर्ग के आंदोलन का नेतृत्व स्वतंत्रता प्रेमी और प्रगतिशील छात्र नेता कर रहे थे। वे शेख हसीना के कथित निरंकुश शासन से छुटकारा पाने और वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना के लिए सड़कों पर उतरे थे। लेकिन हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों से इस आंदोलन का भयावह चेहरा उजागर हुआ है।

बांग्लादेश की चर्चित लेखिका और भारत में निर्वासन का जीवन जी रही तसलीमा नसरीन ने घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। तसलीमा को शेख हसीना के शासनकाल में देश छोड़ने पर मजबूर किया गया था। तस्लीमा शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद दिल्ली आने को नियती का न्याय मान रही हैं। लेकिन इस व्यक्तिगत नाराजगी से अलग होकर वह लोकतंत्र और मजहबी विचारधारा के अंतर्विरोधों का भी जिक्र करती हैं। उनके अनुसार श्मुस्लिम समाज जब अल्पसंख्यक होता है तो वह लोकतंत्र चाहता है, लेकिन बहुसंख्यक होता है तो वह इस्लामी राज्य की मांग करता है।य शेख हसीना ने अपने शासनकाल में इसी अंतविरेध को दूर करने की कोशिश की थी।

वह एक लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष रूप में देश को विकास के रास्ते पर ले जा रही थीं। इतना ही नहीं विदेश मामलों में वह स्वतंत्र विदेश नीति को अनुसरण करने की कोशिश कर रही थीं। अपनी इन नीतियों के समर्थन में घरेलू स्तर पर वह जनसमर्थन को संगठित करने में कामयब नहीं हो सकीं। बांग्लादेश में विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और कट्टरपंथी जमात–ए–इस्लामी का गठजोड़ कायम रहा। इन्हीं हालात में अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की मुहिम को हवा दी। मुखौटे के रूप में छात्रों और नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को सामने लाया गया। बांग्लादेश में अमेरिका के रणनीतिक हित स्पष्ट हैं।वह हिन्द–प्रशांत क्षेत्र में चीन की नाकाबंदी करना चाहता है। उसने इसी क्रम में भारत को शामिल करने के लिए क्वाड की स्थापना की थी, लेकिन हाल के वर्षो में स्पष्ट हो गया कि भारत दादागिरी के इस खेल में एक पक्ष बनने के लिए तैयार नहीं है। नये हालात में अमेरिका ने वैकल्पिक उपाय के रूप में ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ सैन्य गुट श्ऑक्सय की स्थापना की। साथ ही जापान, द. कोरिया और फिलिपींस के साथ गठजोड़ को मजबूत बनाया। केवल बंगाल की खाड़ी का विस्तृत इलाका खाली पड़ा था। इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक दखल को बढ़ाने के लिए अमेरिका ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन में भूमिका निभाई।

सवाल यह है कि शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग का क्या भविष्य है। फिलहाल अमेरिका की कोशिश यह होगी कि बांग्लादेश में लोकतंत्र का स्वांग रचाया जाए। साथ ही शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी को हर हाल में रोका जाए। अवामी लीग में वैकल्पिक नेतृत्व कायम किया जाए जो अमेरिकी हितों का ध्यान रखे।

भारत ने 1971 में अमेरिका के 7वें नौसैनिक बेड़े को धता बताते हुए बांग्लादेश को आजाद कराया था। आधी सदी बाद क्या भारत फिर ऐसी भूमिका निभाएगा? भारत अपने बलबूते शायद ऐसा करने की स्थिति में नहीं है। उसे इस चुनौती का सामना करने के लिए रूस, चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों का सहयोग हासिल करना होगा। केवल ऐसा व्यापक गठजोड़ ही बंगाल की खाड़ी और हिन्द महासागर को सुरक्षित रख सकता है। केवल इससे पूर्वोत्तर में शांति, स्थिरता तथा भारत के रणनीतिक हितों की सुरक्षा भी संभव है।

# प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नही

ओमप्रकाश मेहता

भारत की न्याय पालिका हमारे संविधान की मंशा के अनुरूप ही काम कर रही है तथा भारत का सर्वोच्च न्यायालय अमेरिका जैस नही है, जहां मामले दशकों तक लम्बित रहते है, हमारी ओर से दिन में जितने मामलों का निराकरण होता है उतने तो कई पश्चिमी देशों में एक वर्ष में भी नही दिया जाता, ये उद्गार भारत की न्याय व्यवस्था व न्याय में कथित विलम्ब के आरोप पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने व्यक्त किए, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है और उसे अपनी इस भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कानून के अनुरूप करना चाहिए। उन्होंने न्याय पालिका से उस पर पक्षपात व न्याय संहिता के विपरीत काम करने के आरोपों पर अपना मन्तव्य व्यक्त किया। उन्होंने न्याय पालिका की प्रजतांत्र में अहम् भूमिका भी प्रतिपादित की।



जस्टिस चंद्रचूड ने न्याय पालिका को स्पष्ट हिदायत दी कि उसे देश के सामने प्रतिपक्षी दल की भूमिका में कतई सामने नहीं आना है, क्योंकि न्याय पालिका ही वर्तमान प्रजातंत्र के तीन अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में आज विश्वसनीय रही है तथा देश की जनता को सिर्फ और सिर्फ प्रजातंत्र के इसी अंग के प्रति विश्वास व निष्ठा शेष बची है।माननीय मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के इस दावे की सच्ची व ईमानदारी समीक्षा तो जनता के स्तर पर होगी, किंतु इसी बीच यह आरोप भी सच है कि देश की विभिन्न अदालतों में कई वर्षों से करोड़ों मामले लम्बित है इन अदालतों में सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल है, यहां यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमों के निराकरण को शीघ्र व निश्चित समयसीमा में करने को सही तो बताया था लेकिन इसे असंभव भी करार दिया था, क्योंकि उनका सरकार पर स्पष्ट आरोप था कि करोड़ों लम्बित मामलों को निपटाने के लिए पर्याप्त न्यायाधीश, न्यायालय और अमला नही है, जिसकी सरकार पूर्ति नही कर पा रही है, यदि पर्याप्त अदालतें, न्यायाधीश व अमला हो तो लम्बित मामले शीघ्र ही निपाटाए जा सकते है। न्याय पालिका के इस जवाब पर केन्द्र सरकार पूरी तरह मौन है। अब यह समझ से परे है कि सरकार की इस मामले में दिलचस्पी क्यों नही है?यहां यह विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार पर पूरा ठीकरा फोडने के बजाए स्वयं उसे ही अपने स्तर पर इस दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए और चूंकि सर्वोच्च न्यायालय देश के उच्च न्यायालयों से लेकर जिला स्तर तक की अदालतों के लिए मार्गदर्शक बिन्दू है, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय को इस दिशा में आदर्श स्थापित करना चाहिए, फिर उसी का अनुसरण निचली अदालतें भी करेगी। फिर वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा करने वालों को आशा की कोई किरण नजर आएगी।

किंतु अब फिर वही सवाल है कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को यह कहने को क्यों बाध्य होना पड़ा कि श्सुप्रीम कोर्ट को प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नहींय, उनका कहना था कि श्क्या यह किसी से भी छिपा है कि पिछले कुछ समय से सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित प्रत्येक कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौति देने का सिलसिला निकल पड़ा है?य यदि सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिकाओं के सहारे सरकार एवं संसद के हर फैसले की समीक्षा करेगा और यहां तक की कानूनों की वैधानिकता को परखे बिना उसके अमल पर रोक लगा देगा, जैसा कि कृषि कानूनों के बारे में हुआ था, तो फिर तो वह विपक्ष की भूमिका में ही नजर आएगा? यदि सर्वोच्च न्यायालय को जनता की अदालत के रूप में अपनी छवि को मजबूत करना है तो उसे संसद के हर फैसले की समीक्षा करना छोडना होगा और देश की जनता को तय समय पर शीघ्र व सस्ता न्याय देने की पहल करनी होगी, यही प्रजातंत्र की अपने इस अंग से अपेक्षा है।

# आशा चयन में सहयोग न करने वाले प्रधानों को भी चेताया

## ग्राम चौपाल के दौरान लगाएं स्वास्थ्य शिविरः जिलाधिकारी

चित्रकूट (आरएनएस)। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन, गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन एवं प्रसव, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन व उपचार, प्रसव लाभार्थियों के भुगतान, चाईल्ड रजिस्ट्रेशन, विशेष टीकाकरण,

➤ डीएम ने सही ढंग से कार्य न करने पर एएनएम को बर्खास्त करने के दिए निर्देश

➤ एसएनसीयू में माह अप्रैल से अगस्त तक मृत बच्चों का कराया जाएगा आडिट

यूपी हेल्थ डेस्क बोर्ड, मंत्रा एप्स, मातृ मृत्यु दर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, ई संजीवनी, कार्यरत आशाओं की स्तिथि, आशा भुगतान, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर वार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी से कहा कि बैठक में बैम रामनगर अनुपस्थित है। इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। उप केंद्र अमानपुर में एएनएम जो तैनात है उसके द्वारा सही कार्य न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शिवरामपुर से कहा कि रिपोर्ट बनाकर बर्खास्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कहा कि कायाकल्प अवॉर्ड स्कीम की चेक लिस्ट बनाएं। सीएमओ से कहा कि जो शासन से विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विभिन्न मदों पर धनराशि उपलब्ध कराई गई है उसका व्यय शासन की गाइड



लाइन के अनुसार कराया जाए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को गांव में चौपाल लगाई जाती है। जहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर गांव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराया जाए। आयुष्मान कार्ड आदि स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताएं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत कितने मरीजों का इलाज किया गया है उसकी सूचना दें तथा कितना पैसा आया है उसमें क्या कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के विषय पर सफल आयोजन के लिए अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए की आशा चयन में जो ग्राम प्रधान सहयोग न करें उनकी सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराए। ताकि उन ग्राम प्रधानों के खिलाफ कार्यवाही कराई जा सके। सभी सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया जाए। जो स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी है उनको दूर करें। अगर धनराशि की कमी हो तो अवगत कराया जाए। ताकि मद की व्यवस्था कराई जा सके। एसएनसीयू में माह अप्रैल से अगस्त तक मृत बच्चों के आडिट का कार्य करें कि किस कमी के कारण बच्चों की मृत्यु हुई है। ताकि उसको दूर कराया जा सके। उसमें सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी यह देखें कि किस क्षेत्र में बच्चों की मृत्यु हुई और कौन आशा व एएनएम है। सीएमओ से कहा कि चित्रकूट आकांक्षी जनपद है। एएनएम की कमी जो है उनके पदों के भरने के लिए शासन को पत्र भेजें। गर्भवती महिलाओं के पंजीकृत सूची के आधार पर संस्थागत प्रसव कितनी महिलाओं की की गई है उसकी भी सूचना उपलब्ध कराए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का समय से भुगतान कराया जाए।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमएस डॉ शैलेंद्र कुमार, अधीक्षक एमसीएच विंग खोह डॉ ओपी भास्कर, अपर सीएमओ डॉ एमके जतारिया, चिकित्सक डॉ वंदना श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा, जिला मलेरिया मलेरिया अधिकारी लाल साहब, सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## आरक्षित टिकट काउंटर का सर्वर ठप्प, लौटे यात्री

भरवारी, कौशाम्बी। भरवारी रेलवे स्टेशन में पिछले हफ्ते पहुंचे कम्प्यूटर, सीपीयू सहित अन्य सामानों में यूटीएस सॉफ्टवेयर अपडेट किया गया जिसके चलते शुक्रवार को आरक्षित टिकट लेने पहुंचे यात्रियों और रात से ही लाईन में लगे लोगों को टिकट नहीं मिल सका यही जनपद के सिराथू और बम्हरौली रेलवे स्टेशनों पर भी नहीं मिला टिकट।

भरवारी रेलवे स्टेशन में आरक्षित टिकट काउंटर शुक्रवार को बंद होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भरवारी रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर पर तैनात टिकट कलेक्टर के अनुसार रेलवे आरक्षण टिकट का सर्वर अपग्रेड होने के चलते भरवारी और सिराथू सहित बम्हरौली रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर 48 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। इससे टिकट कराने आए यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रेलवे को भी नुकसान हो रहा है। शुक्रवार को भरवारी रेलवे स्टेशन पर अपना दिल्ली का रिजर्वेशन कराने पहुंचे जयेश कुमार ने बताया कि उन्हें दिल्ली अर्जेंट जाना था, लेकिन टिकट की बुकिंग बंद होने से आवश्यक कार्य पर पर समय से नहीं पहुंच सकेंगे। इसी तरह मुंबई के लिए टिकट बुक करने भरवारी आरक्षण काउंटर पर पहुंचे मंझनपुर के राजू सिंह ने बताया कि दिल्ली प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर है वापस जाना है लेकिन टिकट नहीं मिलने से दिल्ली नहीं पहुंच सकेंगे स भरवारी रेलवे स्टेशन में सर्वर अपग्रेड का कार्य चल रहा है। इसके चलते भरवारी और सिराथू में रिजर्वेशन काउंटर 24 घंटे के लिए शुक्रवार को बंद हो गया था वही रेलवे के कर्मी ने बताया कि सर्वर शनिवार को भी बनाने में दोपहर 12 बज जायेगे और अगले दिन रविवार है, तब शनिवार और रविवार भी आरक्षण टिकट काउंटर बंद रहेगा। रविवार को तो रिजर्वेशन काउंटर बंद होने की छुट्टी होने के चलते तीन दिनों तक यह रिजर्वेशन काउंटर बंद रहेगा। सोमवार से पुनः आरक्षण काउंटर चलेगा।

## फंदे से लटका मिला दुकानदार का शव

चित्रकूट(आरएनएस)। दुकानदार ने फंदा लगाकर जान दे दी। यह जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो परिजनों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की। एसपी ने मामले में मोबाइल के सारे सबूत एकत्र कराकर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। शहर के स्टेशन रोड निवासी जनरल स्टोर की दुकान संचालित करने वाले राकेश केसरवानी के बड़े भाई गंगा प्रसाद ने बताया कि 11 अक्तूबर की रात को छोटे भाई ने खुद को कमरे में बंद कर फंदा लगा लिया। काफी देर बाद जब उसकी पुत्री कशिश कमरे में पहुंची कमरा बंद होने पर अपने भाई व मां को बुलाया। खिडकी खोलकर अंदर का नजारा देख सभी चीख पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंखे में लगाये गये फंदे से उतार कर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसके मृत होने की पुष्टि की। आरोप लगाया कि उसके भाई राकेश के मोबाइल पर कई दिनों से धमकी भरे मैसेज आ रहे थे। इसमें एक लाख रुपये की मांग की जा रही थी। इसे लेकर वह परेशान था।मृतक के भाई ने बताया कि पहले परिजनों को कोई जानकारी नहीं थी। राकेश ने भी बदनामी के भय से किसी को कुछ बताया नहीं था। दरअसल वीडियो काल व मोबाइल कॉल कर उससे किसी युवती ने बातचीत की।

## संक्षेप

### सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन

सोनभद्र (आरएनएस)। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन पर यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया। 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चले इस पखवाड़े में लोगों को सड़क पर सुरक्षित रहने और नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। यह पहल सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के समापन के मौके पर यातायात प्रभारी अविनाश सिंह ने यातायात संकेतों और नियमों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा बगैर हेलमेट के मोटरसाइकिल कदापि न चलाये, अपने बच्चों को बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के बाइक व कार न चलाने दें। उनके अनुसार सड़क पर दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए सभी को नियमों का पालन करना आवश्यक है। इस अवसर पर एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव ने हम सभी यातायात नियमों का पालन करें। अगर आप लोग के परिवार से कोई वाहन लेकर निकले तो उनको हेलमेट पहना कर घर से भेजें। हेलमेट हम लोगों के जीवन का अहम हिस्सा है। वाहन चलाते समय जल्दबाजी नही करनी चाहिए।

### शिक्षक संघर्ष करने को दृढ़ संकल्पित

जौनपुर (आरएनएस)। पुरानी पेंशन बहाली के लिए गठित प्रदेश स्तर पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के शिक्षक कर्मचारी संगठनों ने एक साथ मिलकर हजारों की संख्या में मारुति मंदिर टीडी कॉलेज से ओलंदगंज होते हुए कलेक्ट्री कचहरी तक मोटरसाइकिल रैली निकाली तथा प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गौतम तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति सिंह सोमवंशी ने किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है और अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने को दृढ़ संकल्पित हैं, और जबतक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती हमारा संघर्ष जारी रहेगा।उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि पेंशन सरकारी सेवा का प्रतिफल है खैरात। नहीं है।यूटेक के प्रदेश उपाध्यक्ष वीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा का गठन सिर्फ पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुआ है किसी संगठन द्वारा चंदाचोरी के लिए नहीं।इसका अध्यक्ष और मंत्री व्है है। यूटेक जिला अध्यक्ष डॉ मनीष सिंह सोमवंशी ने कहा कि सांसद, विधायक शपथ लेते ही पुरानी पेंशन के हकदार हो जाते हैं और 30 वर्ष की सेवा के बाद भी शिक्षक कर्मचारी को एनपीएस का झुनझुना दिया जा रहा है,ऐसा नहीं चलेगा। डॉ0 सुशील उपाध्याय ने कहा कि एन पी एस का पेंशन इतना कम होता है कि उससे अधिक सरकार किसान सम्मान निधि में पैसा दे रही है।यूटा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह संख्या तो प्रतीकातमक है आवश्यकता पड़ने पर हम लखनऊ की सड़कों को जाम कर देंगे।पीडब्ल्यूडी के जिला अध्यक्ष अच्छेलाल ने कहा कि आज जब पुरानी पेंशन बहाली की सिर्फ एक मांग के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी एक मंच पर आ गए हैं तो पुरानी पेंशन बहाली को कोई रोक नहीं सकता है। रैली को प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र सिंह,राजेश सिंह, राजेश सिंह टोनी शैलेंद्र सिंह संतोष सिंह बघेल ें ने संबोधित किया।

### लूट का अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर (आरएनएस)। जिले के थाना बदलापुर पुलिस द्वारा लूट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी तमंचा, लूट का 3750 रू0 बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) षैलेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक बदलापुर विनोद कुमार मिश्र के संचालन मे विशेष अभियान चलाकर थाना बदलापुर की पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त हर्षित सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी कठार थाना बदलापुर के कब्जे से एक देशी तमंचा .315 बोर व एक जिंदा कारतूस .315 बोर व लूट के 3750 रू0 बरामद कर नेवादा मुखलिसपुर अण्डर पास के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया ।

### मीरजापुर से 5 खिलाड़ियों का चयन

मीरजापुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय पॉवरलिफ्टिंग चौम्पियनशिप में मीरजापुर से 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जूनियर 53 केजी भार वर्ग में विजय कुमार मौर्य, सीनियर 66ाह भार वर्ग अरुण कुमार कुशवाहा एवं मास्टर्स केटगरी मे 66 ाह भार वर्ग में नाजिर अहमद एवं महिला वर्ग सीनियर 63 ाह भार वर्ग में ज्योति सिंह, और 69 ाह भार वर्ग में शीलम सिंह का चयन किया गया हैं। यह सभी चयनित खिलाड़ी स्टेट चौंपियनशिप लखनऊ में स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय चौंपियनशिप के लिए जगह बनाए है। राष्ट्रीय चौंपियनशिप गोवा में 14 अक्टूबर से 18अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव कमलापति त्रिपाठी द्वारा दी गई है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में गुरुवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष से महिला सहित चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार शाम सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जिसमें प्रथम पक्ष के इंद्रेश यादव, रामबली यादव व उनकी पत्नी ज्ञानवती यादव घायल हो गई। वहीं द्वितीय पक्ष के अखिलेश यादव घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का पीएचसी हलिया में उपचार करवाया। पुलिस ने इंद्रेश यादव की तहरीर पर हृदय नारायण यादव, दिनेश यादव, बबलू व अखिलेश यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं अखिलेश यादव की तहरीर पर इंद्रेश यादव, रामबली यादव, हीरालाल यादव के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद सरोज ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### समस्याओं का किया निस्तारण

मीरजापुर (आरएनएस)। अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री आशीष पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए आम जन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। कैबिनेट मंत्री ने एक–एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बिजली व स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

### टक्कर से बाइक सवार की गई जान

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के चकौंध गांव निवासी शिवपूजन (35) पुत्र छोटा बाइक से निमंत्रण पर जा रहा था। जमहिल गांव के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के एक पुत्र, चार पुत्री है।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

चित्रकूट(आरएनएस)। महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि 10 अक्टूबर को पीड़िता ने थाने में सूचना दिया कि राजेश प्रसाद पुत्र रामराज निवासी अमवा बक्टा खुर्द करीब एक वर्ष पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस पर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। निरीक्षक अपराध अंजनी कुमार सिंह ने टीम के साथ मंगलवार को आरोपी राजेन्द्र प्रसाद को गिरफ्तार किया है।

## दस्तावेजों के फॉरेंसिक परीक्षण कराने का आदेश

चायल, कौशाम्बी। पिपरी थानाक्षेत्र के महमूदपुर मनौरी बाजार में पुश्तैनी जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर बैनामा करने के मामले में जाली दस्तावेजों के फॉरेंसिक परीक्षण का आदेश होने पर आरोपियों में हड़कंप मच गया। इसके पहले पुलिस आरोपी जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। एसपी के फॉरेंसिक परीक्षण का आदेश होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है।

महमूदपुर मनौरी बाजार निवासी आनंद कुमार वर्मा पुत्र अजय कुमार वर्मा ने बताया कि उनकी पैतृक सम्पत्ति का स्थानीय निवासी सतीशचन्द्र वर्मा आदि ने जाली दस्तावेज के आधार पर अपने नाम दर्ज करा लिया। मामले की जानकारी होने के बाद आनंद कुमार के होश उड़ गए। डीएम मधुसूदन हुल्गी के आदेश पर राजस्व निरीक्षक जगदेव चौरसिया समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उपनिबंधक अभिलेखागार में संग्रहीत भूमि सम्बन्धित रजिस्ट्री के मूल दस्तावेजों में छेड़छाड़ करके जिल्द संख्या–2864, दस्तावेज संख्या–6908 दिनांक 18.03.1987 का कूटरचित दस्तावेज उपनिबंधक सदर प्रथम प्रयागराज व रिकार्ड कीपर व सहायक लिपिक की मिलीभगत से तैयार करके जिल्द संख्या–2864 में अन्तिम पृष्ठ में लगाया गया है। इस प्रकार से जिल्द संख्या–2864 के अन्तिम पृष्ठ में दर्ज दस्तावेज संख्या–6908 डबल एवं सिद्ध हो रहा है। पीड़ित ने एसपी बृजेश श्रीवास्तव से दस्तावेजों के रजिस्टर्ड की जिल्द को तत्काल सीज कराकर उसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला में फॉरेन्सिक पहलुओं जैसे हस्तलेखन, तत्कालीन उपनिबंधक के हस्ताक्षर की तुलना, नकलकर्ता एवं तुलनाकर्ता के हस्ताक्षर के तुलना, स्याही की जांच, जाली दस्तावेज की आयु आदि का परीक्षण कराये जाने की मांग की।

## डीएम ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

जौनपुर (आरएनएस) । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा विकास भवन में स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जिला समाज कल्याण विभाग के स्तर पर वृद्धावस्था पेंशन के लगभग 9072 प्रार्थना पत्र लंबित है, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी और सम्बन्धित स्टाफ का वेतन रोकने के निर्देश दिये और कहा कि जब तक सभी पेंडेंसी खत्म नहीं कर दी जाती है तब तक वेतन आहरित न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन मोड पर कार्य करते हुए अगले 04 दिन के भीतर सभी पेंडेंसी खत्म की जाए। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम को निर्देश दिया कि सुनिश्चित कराए कि भविष्य में इस तरह से पेंडेंसी न होने पाये। कार्यालय जिला विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा सहायक आयुक्त उद्योग धर्मेंद्र द्विवेदी और वरिष्ठ सहायक अरविंद कुमार की सेवा पुस्तिका देखी जो की अपडेट पाई गई।

## हिंदू देवी देवताओं के नाम पर दुकान खोलने पर उठाया सवाल

सुल्तानपुर(आरएनएस)। शहर दूसरे धर्म के लोगों के द्वारा हिंदू देवी देवताओं के नाम पर दुकानें खोलने पर गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ और परशुरामपुर युवा वाहिनी संगठन ने कड़ी आपत्ति जताई है। हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि दुकानदार हिंदू देवी देवताओं का नाम रखकर ग्राहकों को भ्रमित कर रहे हैं। सनातन संस्कृति को बदनाम करने की शाजिस की जा रही है। जो कि यह अपराध की श्रेणी में आता है। गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। जिले में यह इस तरह का पहला मामला हिंदूवादी संगठनों ने प्रकाश में लाया है। गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने कहा कि शहर में एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा नगर कोतवाली से सटे न्यू भोला वेज बिरयानी कार्नर की दुकान है इसमें दुकान के प्रोपराइटर व खाद्य सामाग्री बनाने वाले सभी मुस्लिम हैं, नाम पूंछने पर वह लोग अपना हिन्दू नाम बताते हैं। नाम हिन्दू धर्म के देवी देवता के नाम पर रखकर हिन्दुओं को भ्रमित किया जा रहा है। इन दुकानों पर जो खाद्य पदार्थ मिलते हैं उसका कोई निश्चित मानक नहीं है। उन्होने कहा कि वर्ग विशेष के लोगों द्वारा दुकान का नाम देवी देवताओं के नाम पर तो रखा जाता है लेकिन उनका सिम्बल न लगाकर देवी देवताओं का मजाक उड़ाते है।



## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रतापगढ़। जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा निर्देश के क्रम में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज–5 के अन्तर्गत उच्च माध्यमिक प्राथमिक विद्यालय में आपरेशन मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक नीरजा कुमारी द्वारा बच्चों को बाल–विवाह, बाल श्रम, चाइल्ड लाइन, वन स्टाप सेन्टर, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, स्पान्सरशिप योजना एवं टोल फ्री नम्बर 181, 1090, 1076, 1930, 101, 112, 102, 108 आदि के बारे में विस्तृत से जानकारी देते हुये बच्चों को उनके भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामना दी गयी। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक नीरजा कुमारी, प्रधानाचार्य सुनीता मिश्रा सहित रवीन्द्र कुमार एवं बी0एड़0 के छात्र उपस्थित रहे।



## चंदना कुमारी ने किया विंध्याचल सर्वेश्वर मंदिर का दौरा

सोनभद्र(आरएनएस)। एनटीपीसी विंध्याचल परिसर में स्थित सर्वेश्वर मंदिर का वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति चंदना कुमारी ने दौरा किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्या, अर्पिता महिला समिति पुबाली घोष, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सारिका चतुर्वेदी, महासचिव (सुहासिनी संघ) शिल्पा कोहली, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) कामना शर्मा के साथ–साथ सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्याएं उपस्थित रही। सर्वप्रथम वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति चंदना कुमारी नें मंदिर परिसर के अंदर भगवान शिव का जल अभिषेक किया। तत्पश्चात सभी लोगों ने पुजा अर्चन किया। उन्होंने हमारी संस्कृति के प्रति समर्पण और उत्साह के लिए एनटीपीसी विंध्याचल के लोगों की प्रशंसा भी की।

## अभद्रता और नाजायज दबाब बनाने को लेकर

मीरजापुर । बुंदेलखंडी वार्ड के सभासद सतीश केसरवानी के पुत्री एवं पुत्रों द्वारा आए दिन की जा रही अभद्रता एवं विभागाध्यक्षों पर नाजायज दवाब बनाने को लेकर इमामगंज वार्ड के सभासद ऋषभ जायसवाल ने पालिका के अन्य सभासदों के साथ नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी से मुलाकात कर पत्रक सौप कार्यवाही करने की मांग की है।बता दे इमामगंज के सभासद ने कहा है की पालिका में जाने पर बुंदेलखंडी वार्ड के सभासद के दोनो बेटे और बेटियां आए दिन अमर्यादित शब्दो का प्रयोग एवं गलत टिप्पणी किया करते है।पालिका के सभी विभागाध्यक्षों के साथ गलत कामों को कराने को लेकर भी नाजायज दवाब बनाने का कार्य करते है।गुरुवार की रात भी वार्ड की समस्या को लेकर जब मैं नपाध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर पहुंचा तो पहले से ही मौजूद सभासद के पुत्र एवं पुत्री ने अभद्रता की एवं गाली गलौज पर उतारू हो गए। जबकि इन सभासद के बेटी और पुत्रो का कोई अधिकार नही बनता की वे पालिका के कार्यों में हस्तक्षेप करे।कई बार तमाम सभासदों ने इनके अभद्रता और हस्तक्षेप को लेकर पालिकाध्यक्ष से मौखिक शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन फिर भी इनके पुत्री एवं दोनो पुत्रो द्वारा पालिका के कार्यों में बाधा पहुंचाई जाती है।इसलिए इनके द्वारा पालिका के कार्यों में किए जा रहे हस्तक्षेप को रोकने के लिए नपाध्यक्ष से कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## कोटे की दुकान के लिए अधिकारी की उपस्थिति मे की बैठक

केकराही(सोनभद्र)(आरएनएस) करमा विकास खंड अंतर्गत कसया कला ग्राम पंचायत के खाली कोटा की दुकान के लिए बीते बुधवार को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर बिकास खण्ड के अधिकारियो की उपस्थिति में एक हुई बैठक हुई। जिसमे मात्र एक ही आवेदन आया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसया कला ग्राम पंचायत मे सरकरी कोटे की दुकान के लिए दो माह से बैठको का दौर चल रहा है, पहली बार खुली बैठक माह सितंबर मे कराई गयी, जहाँ भारी संख्या मे जुटे ग्रामीणों के हंगामा को देखते हुए बैठक टालनी पड़ी, बैठक मे उपस्थित अधिकारी ए डी ओ पंचायत सुनील कुमार यादव, ए डी ओ आई एस बी अनंत कुमार सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी एस के यादव व ग्राम प्रधान मोहन यादव जगदीश चंद प्रबंधक ब्लाक मिशन ने पिछली बैठक मे कहा था कि ग्राम पंचायत के सक्रीय एवं उत्कृष्ट महिला समूह का चयन आगामी 16 अक्टूबर को किया जायेगा। जिसके सम्बन्ध मे पुनः 16 अक्टूबर को बैठक बुलाई गयी थी।

## नव निर्वाचित ब्लाक प्रमुख की क्षेत्र पंचायत की बैठक स्थगित

बल्दीराय‚सुलतानपुर (आरएनएस)। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के धनपतगंज ब्लाक में बृहस्पतिवार को हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक हंगामे की भेंट चढ गयी। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही सदस्यों ने जमकर हंगामा काटा और सदन से बहिष्कार कर

➤ कोरम पूरा न होने के अभाव में कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हुआ

गये। कोरम के अभाव मे कोई प्रस्ताव पास नही हो सका। महिला ब्लॉक प्रमुख ने विरोध कर रहे सदस्यों पर क्षेत्र के विकास को वाधित करने का आरोप लगाया और राजनीतिक षडयंत्र बताया। बाहुबली यश भद्र सिंह मोनू के पहुंचने के बाद सदन में अफरातफरी मच गई।

गुरुवार को ब्लाक प्रमुख पार्वती सरोज की अध्यक्षता मे शुरू हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक मे सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विरोधी सदस्यों के स्वर मुखर हो गये। हंगामे के बीच सदन की आचार संहिता के तहत अनाधिकृत ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधियों और अन्य लोगों की सदन मे मौजूदगी का मायंग के बीडीसी सदस्य ऋषीभद्र सिंह ने विरोध जताया और के ऐजेंडे पर सवाल खडा किया और बोले कि.जब ब्लॉक प्रमुख का शपथ ग्रहण हो चुका है। और वह सदन मे मौजूद भी.हैं तो ऐसी दशा मे त्रिस्तरीय कमेटी के द्वारा बैठक कार्यवाही कराये



खंड विकास अधिकारी से बहस शुरू हो गयी। उसी दौरान सदन मे काफी संख्या मे बाहरी लोगों के घुस जाने और हो हल्ला से अफरातफरी मच गयी। बैठक मे आमंत्रित जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह ने बैठक जाने का क्या औचित्य है।सदन मे मौजूद दर्जनों बीडीसी सदस्यों ने जिला पंचायत सदस्य के इस बात का समर्थन जताते हुये सदन का बहिष्कार कर बैठक से बाहर चले गये और नारेबाजी करने लगे। अफरातफरी और हो हल्ले के बीच सदन मे मौजूद महिला. बीडीसी सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर खंड मुख्यालय से दूर बाहर चली गयीं।

बैठक मे अप्रत्याशित विरोधी दो धडो के बीच मारपीट की संभावना और बने गरमा गरमी के माहौल को देखकर सुरक्षा मे लगे स्थानीय पुलिस के भी हाथ पांव फूल गये। हालांकि थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने सदन मे पंहुच कर दोनो पक्षो को कंट्रोल किया। और इसी दौरान स्थिति की गंभीरता और ऐजेंडे मे हुई चूक को देखते हुये बीडीओ विमलेश चंद्र त्रिवेदी ने कोरम पूरा न होने की बात कहते हुये बैठक स्थगन की घोषणा कर दी। हो–हल्ले की बीच सदन मे मौजूद सहमी बैठक की अध्यक्षता कर रही क्षेत्र पंचायत प्रमुख पार्वती सरोज ने कहा कि कुछ उपद्रवियों के चलते बैठक नही हो सकी। कोरम पूरा था इसे सिद्ध करने का अवसर नही मिला।क्योंकि मौजूद बीडीसी सदस्यों की सुरक्षा को ही खतरा पैदा हो गया। कुछ लोग जिन्हें क्षेत्र के विकास से कोई मतलब नही है। वे भय का माहौल बनाकर राजनीतिक खडयंत्र के तहत क्षेत्र का विकास रोकना चाहते है। त्रिस्तरीय कमेटी के तहत आहूत बैठक के ऐजेंडे के सवाल पर खंड विकास अधिकारी विमलेश चंद्र. त्रिवेदी ने कहा कि लिपकीय त्रुटि के चलते ऐसा हुआ। जिसे सुधार कर दोबारा ऐजेंडा तैयार किया गया था।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Indradev Tiwari S/O Ram Kumar Tiwari है। लेकिन भूलवश मेरे पैन कार्ड Indradev Tripathi S/O Ram Kumar Tripathi हो गया। अतः मेरा नाम **Indradev Tiwari S/O Ram Kumar Tiwari** ही सही समझा जाय।

**प्रार्थी**
**इन्द्र देव तिवारी –**
**पुत्र राम कुमार तिवारी**
**41/M जयंतीपुर साकेत नगर धूमनगंज– प्रयागराज**

## रेवि ने वशिंग मशीन प्रदान किया।

प्रयागराज। रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन ने केंद्रीय चिकित्सालय एनसीआर को दो एल जी कंपनी की वाशिंग मशीन रोगियों द्वारा प्रयुक्त चादरों की धुलाई हेतु दी। रेवि महिला कल्याण संगठन की



कार्यकारी अध्यक्ष मंजू रानी ने एस के हाण्डू चिकित्सा निदेशक को सौंपा। रेवि महिला कल्याण संगठन की सचिव नन्दा, कोषाध्यक्ष चंचला कुमारी तथा अन्य पदाधिकारी सहित केंद्रीय चिकित्सालय प्रमुख चिकित्सा निदेशक डॉक्टर हिमांशु, कोर संगठन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी यतेंद्र कुमार तथा उप मुख्य कार्मिक अधिकारी कौशल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



पुलिस उपायुक्त गंगानगर व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई द्वारा धनतेरस दीपावली एवं आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत व शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर किया।

## प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा 'पेंशन' का पदभार ग्रहण किया

प्रयागराज। संदीप सरकार ने प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा (पेंशन) का पदभार ग्रहण किया। संदीप 1995 बैच के भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारी हैं। अब तक के सेवाकाल में भारत सरकार के रक्षा, गृह, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालयों तथा कैबिनेट सचिवालय में अनेक महत्वपूर्ण



पदों पर आसीन रह चुके हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वे सेनाध्यक्ष के द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किये जा चुके हैं। कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन) के बारे में: प्रयागराज में स्थित कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन) के द्वारा लगभग 32 लाख रक्षा पेंशन भोगियों की पेंशन का भुगतान स्पर्श प्रणाली के द्वारा किया जाता है। स्पर्श (SPARSH) मदक जव मदक automated कार्यक्रम है जिससे रक्षा पेंशन की मंजूरी ( sanction), संवितरण तथा उसका लेखा जोखा सम्पादित किया जाता है। रक्षा पेंशन भुगतान में सालाना आने वाला खर्च लगभग 1.65 लाख करोड़ रूपये है। हाल ही में भारत सरकार के द्वारा रक्षा पेंशन भोगियों को दी जाने वाली One Rank One Pension–3 का भुगतान भी रिकार्ड समय में इस कार्यालय के द्वारा किया गया। इसके पूर्व भी इस कार्यालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा पेंशन संवितरण की सेवाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए भारतीय संसद के द्वारा सराहना भी की गई है तथा समय–समय पर उत्कृष्ट कार्य के सम्पादन के लिए यहाँ के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को रक्षा मंत्री अवार्ड से भी नवाजा गया है।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं0 पी आर वाइ जे-सिग-028-2024-25

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| | | |
|---|---|---|
| निविदा नं.: 028 | अनुमानित मूल्य : 47184092.73 | बिड सिक्यूरिटी : 385900.00 |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00 | कार्य समापन की अवधि : चौबीस माह | |
| निविदा खुलने की तिथि : 25.11.2024 | | |

**कार्य का विवरण** : प्रयागराज मण्डल के पं0 दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज, चुनार-चोपन एवं नैनी-मानिकपुर खण्ड में लगे हुये फ्रॉशर प्रकार के एमएसडीएसी का चौबीस माह (24) के लिये समग्र (कम्प्रेहेन्सिव) अनुरक्षण।

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता** : निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूप** : निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्यूरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्यूरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिये। बैंक गारंटी जमा करते समय यह उ0प्र0 स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्यूरिटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी।

**निविदा खुलने का समय तथा स्थान** : निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी।

**निविदा की वैधता** : निविदा खुलने के 60 दिन तक

**निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार** : रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

1879/24 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in







प्रयागराज। गौसपुर झलवा स्थित 18वीं वाहिनी भातिसीपुलिस बल ने अठाइस सितम्बर से तीन अक्टूबर तक इस वर्ष का सतर्कता जागरूकता अभियान–2024 मनाया। पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय, भगवतपुर स्थित स्कूल में मंगलवार को प्रवीन चन्द्र दास द्वितीय कमान की अध्यक्षता में बच्चों को भ्रष्टाचार के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर वाहिनी के आशीष कुमार पाण्डेय उप सेनानी समर मलिक, (सहायक सेनानी) जगत सिंह, सूबेदार मेजर, सर्तकता प्रतिनिधि हवलदार शारदा प्रसाद शुक्ला उपस्थित रहे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन

*सतर्कता पत्रिका जागृति का विमोचन*






प्रयागराज। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर अपर महाप्रबंधक जेएस लाकरा के मुख्य आतिथ्य में एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक वी. के. गर्ग के मार्गदर्शन में अरावली सभा कक्ष, महाप्रबंधक कार्यालय परिसर प्रयागराज में एक सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्रीय सतर्कता आयोग के तत्वावधान में केंद्र सरकार के समस्त कार्यालयों, समस्त पब्लिक सेक्टर यूनिटों और बैंक आदि में एक त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई थी जिसके समापन चरण में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर वाले सप्ताह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम की कड़ी में उत्तर मध्य रेलवे ने भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया। आयोजन की शुरुआत वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्जवलन करने के साथ में हुई। साथ ही सतर्कता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सीबीआई और सीवीसी के अनेक प्रावधानों को सतर्कता विभाग किस प्रकार इंप्लीमेंट करता है। इस दौरान विभाग और सीबीआई के बीच की इंटरेक्शन और किस तरीके से दोनो एजेंसियां भ्रष्टाचार को रोकने में दोनों एजेंसीज डिपार्टमेंटल विजलेंस और सीबीआई एक दूसरे का सहयोग करती हैं उन प्रक्रियाओं पर भी चर्चा हुई। साथ ही साथ डिसिप्लिन अपील रूल के कुछ पहलुओं पर भी ज्ञानवर्धक चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में बोलते हुए अपर महाप्रबंधक ने कहा कि विजिलेंस को प्यूनिटिव की तुलना में प्रीवेंटिव एप्रोच ज्यादा रखनी चाहिए। अपने उदबोधन में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ने कहा कि सतर्कता जागरूकता के इस सप्ताह के दौरान हम सभी मंडलों में जाकर अधिकारियों और कर्मचारियों को नैतिकता के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर मुख्य वक्ता के रूप में गोष्ठी में भाग ले रहे एडिशनल एसपी सीबीआई शिव कुमार जयंत ने कहा कि, डिपार्टमेंटल विजिलेंस को सीबीआई के साथ में जॉइंट एक्सरसाइज करनी चाहिए, जॉइंट परीक्षण करने चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सीबीआई किन–किन स्तरों पर कर्मचारियों की क्रियाकलापों पर नजर रखती है। उन्होंने यह भी बताया कि, अधिक संपत्ति को नापने का उनका अपना एक फार्मूला है जिसके आधार पर वह आपकी आय और व्याय की गणना करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि, न्यायालय में पेश करते समय उनको डिपार्टमेंट की तरफ से क्या–क्या सहयोग मिलता है और क्या–क्या मिलना चाहिए। अंत में एक संवाद कार्यक्रम भी हुआ जिसमें तमाम लोगों ने अपने अलग–अलग तरह की शंकाएं और उनके उत्तर जाने कि सी बी आई और विभागीय विजिलेंस की कार्यवाई में क्या अंतर है और कैसे की जाती है। यह भी बताया गया कि दोनों एजेंसीज का उद्देश्य भ्रष्टाचार की बीमारी को खत्म करना है और केंद्रीय कर्मचारी केंद्रीय पी एस यू, बैंकों नियमित रूप से इस तरीके की कार्यवाही करते रहते हैं। डिपार्टमेंटल विजिलेंस सीबीआई के साथ में डाउटफुल इंटीग्रिटी वाले ऑफिसर्स की लिस्ट बनाता है, उसपर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस बात पर भी जोर दिया गया कि विजिलेंस को सीबीआई के साथ ज्वाइंट सरप्राइज चेक्स और रेगुलर मीटिंग्स करते रहना चाहिए इनफार्मेशन का निरंतर आदान प्रदान होते रहना चाहिए ताकि भ्रष्टाचार को पूरी तरीके से खत्म किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने किया।


## त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दीपावली एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर निम्नलिखित त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 06237/06238 सर एम.वि.टर्मि. बेंगलुरु-बरौनी त्योहार विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 06237 | | | गाड़ी संख्या - 06238 | |
|---|---|---|---|---|
| सर एम.वि.टर्मि.बेंगलुरु - बरौनी | | | बरौनी - सर एम.वि.टर्मि.बेंगलुरु | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ...... | 21:15 | सर एम.वि.टर्मि. बेंगलुरु | 13:30 | ...... |
| 09:55 | 10:05 | प्रयागराज छिवकी | 20:40 | 20:50 |
| 20:00 | ...... | बरौनी | ...... | 10:00 |

• सर एम.वि.टर्मि. बेंगलुरु से गाड़ी संख्या 06237, सोमवार, दिनांक 04.11.24 • बरौनी से गाड़ी संख्या 06238, शनिवार, दिनांक 09.11.24

**गाड़ी संरचना :** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी : 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 04, स्लीपर श्रेणी : 10, सामान्य श्रेणी : 02

**गाड़ी सं. 07615/07616 हुजूर साहेब नांदेड-पटना विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 07615 | | | गाड़ी संख्या - 07616 | |
|---|---|---|---|---|
| हुजूर साहेब नांदेड - पटना | | | पटना - हुजूर साहेब नांदेड | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ...... | 14:30 | हुजूर साहेब नांदेड | 11:00 | ...... |
| 14:08 | 14:10 | मानिकपुर | 12:28 | 12:30 |
| 17:15 | 17:20 | प्रयागराज छिवकी | 09:15 | 09:20 |
| 00:30 | ...... | पटना | ...... | 02:30 |

• हुजूर साहेब नांदेड से गाड़ी संख्या 07615, मंगलवार, दिनांक : 29.10.2024, 05.11.2024, 12.11.2024

• पटना से गाड़ी संख्या 07616, गुरूवार, दिनांक : 31.10.2024, 07.11.2024, 14.11.2024

**गाड़ी संरचना :** वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 01, स्लीपर श्रेणी : 17, सामान्य श्रेणी : 02

**गाड़ी सं. 02877/02878 राँची-आनन्द विहार टर्मि. विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 02877 | | | गाड़ी संख्या - 02878 | |
|---|---|---|---|---|
| राँची - आनन्द विहार टर्मि. | | | आनन्द विहार टर्मि. - राँची | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ...... | 23:55 | राँची | 05:00 | ...... |
| 15:20 | 15:30 | प्रयागराज | 13:20 | 13:25 |
| 19:25 | 19:30 | कानपुर सेंट्रल | 09:55 | 10:00 |
| 03:00 | ...... | आनन्द विहार टर्मि. | ...... | 04:00 |

• राँची से गाड़ी संख्या 02877, शुक्रवार, दिनांक : 01.11.2024, 08.11.2024 एवं 15.11.2024

• आनन्द विहार टर्मि. से गाड़ी संख्या 02878, रविवार, दिनांक : 03.11.2024, 10.11.2024 एवं 17.11.2024

**गाड़ी संरचना :** वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी : 18

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1898/24(AS)


## वीडियो में छेड़ छाड़ कर वायरल करना भाजपा की साजिश।

प्रयागराज। फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार हाजी मुजतबा सिद्दीकी ने आज सपा जिला कार्यालय में पत्रकार



वार्ता कर वायरल हो रहे वीडिओ और उनके खिलाफ प्राथीमिकी दर्ज कराये जाने पर कहा कि मेरे बयान को तोड़ –फोड़ कर वायरल किया जा रहा है। उन्होंने इस कृत्य पर सीधे भाजपा पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में 18000 से अधिक मतों से हारी भाजपा उपचुनाव में तरह तरह के हथकंडे अपना रही है और आगे भी अपनाएगी।लेकिन फूलपुर की जनता सब जानती है।मुजतबा सिद्दीकी ने कहा कि वह डॉ अम्बेडकर, डॉ लोहियाको अपना आदर्श मानते हैं और मा कांशीराम के बाद उनके नेता सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं।उन्हें समाज के हर वर्ग का समर्थन मिलता रहा है तभी वह तीन बार विधायक बने। पिछले विधानसभा चुनाव में फूलपुर की जनता ने उन्हें एक लाख से अधिक वोट दिया था।उनके चुनाव में न कभी ध्रुवीकारण हुआ है और न आगे होगा।एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि वह किसी पर मुकदमा नहीं करने जा रहे हैं बल्कि भाजपा के हर हथकंडे का जवाब फूलपुर की जनता स्वयं देगी।

## स्टैचू ऑफ यूनिटी एकता का प्रतीक

प्रयागराज। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की



जयंती पर भाजपा ने पटेल संस्थान में पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यकर्ताओं ने बालसन चौराहा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा से सरदार पटेल संस्थान अलोपी बाग तक बाइक द्वारा रैली निकाली। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि पूरा देश सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति कृतज्ञ है। उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम रहा कि आज भारत एक है। देश की रियासतों को एक करने में पटेल का योगदान युगों तक याद रखा जायेगा। पटेल का त्याग बलिदान इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। प्रधानमंत्री मोदी ने पटेल के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। और उनके नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में बने स्टैचू ऑफ यूनिटी देश को एकता का संदेश दे रहा है महापौर गणेश केसरवानी ने सरदार पटेल अमर रहें, भारत माता की जय ,वंदे मातरम का उद्घोष कराया।

## दीपावली पार्टी का आयोजन

प्रयागराज। रोटरी क्लब इलाहाबाद मिडटाउन ने शनिवार २६ अक्टूबर को युनाइटेड गैस्टहाउस में एक भव्य दीपावली पार्टी का आयोजन किया, जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष अभिषेक सिंह और महेश सिंघानिया के साथ क्लब अध्यक्ष राधा सक्सेना व सचिव नीरज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन में खेल और मनोरंजन की जिम्मेदारी गीतिका अग्रवाल और शिफाली ने संभाली। कार्यक्रम में



उपस्थित सदस्यों और मेहमानों ने हाउजीए व कई मनोरंजक गेम्स का आनंद लिया।मोरक्को थीम की सजावट ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। भोजन की व्यवस्था का ध्यान अशिष चौधरी, मनु सक्सेना और संजय रतनानी ने रखा। इसके अलावा, खेलने के लिए कार्ड काउंटर की व्यवस्था उमंग, दीप्ति, रति, दिव्यांशु, नीरज भार्गव और हरप्रीत भाटिया ने की।क्लब के सदस्यों ने गीत संगीत का भी आनंद लिया। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी। यह दीपावली पार्टी रोटरी क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों के लिए एक विशेष अवसर था, जिसमें एकजुटता और खुशी का माहौल था। इस अवसर पर रोटेरियन सतपाल गुलाटी प्रदीप मुखर्जी राजीव महेश्वरी नीरज मेहरोत्रा पंकज जैन मधु अग्रवाल रितु कमल अग्रवाल राहुल अग्रवाल तरुण सावला विनायक टंडन विनय गोयल दिव्या बरतरिया विमी अरोड़ा आदि उपस्थित रहे

### बसपा प्रत्याशी को मिला पूर्व प्रत्याशी का समर्थन:

## फूलपुर उपचुनाव में बढ़ी प्रत्याशियों में काटे की टक्कर

प्रयागराज। फूलपुर उप चुनाव में बसपा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह को पूर्व प्रत्याशी शिवबरन पासी का समर्थन मिलने के बाद से क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। ऐसे में चुनाव को लेकर पार्टियों में टक्कर भी कांटे की हो गई है। मंगलवार को पूर्व प्रत्याशी और 2012 से 2024 तक विधान सभा फूलपुर के अध्यक्ष रहे शिवबरन ने प्रत्याशी को समर्थन देते हुए उनका चुनाव प्रचर करने की घोषणा की है। कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। जिससे उपचुनाव में पार्टी जीत दिलाई जा सके। शहर के हेतापट्ध्टी के रहने वाले शिवबरन 2009 में बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद से ही पार्टी में सक्रिय है। दो महीने पहले ही पार्टी ने उनको विधानसभा का प्रभारी बनाया था।अभी तक ज्यादातर पार्टी की तरफ से विधानसभा प्रभारी ही चुनाव लड़ते आ रहे है, लेकिन इस बार पार्टी की तरफ से प्रभारी के स्थान पर दूसरे कार्यकर्ता को चुनाव मैदान में उतारा गया है। शिवबरन के चुनाव प्रचार में शामिल होने के बाद फूलपुर उपचुनाव में पार्टियों के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना बढ़ गई है। उधर चुनाव प्रचार में उतरने की घोषणा करने के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी उत्साह बढ़।

### प्रयागराज में मारूती की ही बिक गई सवा सौ कारें:

## दूसरी कार कंपनियों के शोरूम में लगी ग्राहकों की कतार

प्रयागराज। प्रयागराज में धनतेरस पर आटोमोबाइल सेक्टर को पंख लग गए। सुबह दस बजे शो रूम खुलने के साथ ही कारों की डिलेवरी लेने वालों की होड़ लग गई। सिर्फ मारूती के दो शोरूम से ही सवा सौ कारों की डिलेवरी होनी है। इसको देखते हुए शोरूम की तरफ से भी विशेष तैयारी की गई है। इसके अलावा हुंडई, टायोटा, हांडा, किया के शोरूम में भी वाहनों की डिलेवरी को लेकर लोगों की होड़ लगी है।

### 7 साल बाद पिता की हत्या का बदला:

## भदोही में शूटर्स से कराई प्रिंसिपल की हत्याय जगह–वक्त भी एक जैसा

भदोही। करीब 27 साल पहले एक युवक के पिता की हत्या हुई। आज 28 साल का हो चुका वह युवक तब सिर्फ 5 महीने का था। उसके पिता की हत्या में दो लोग नामजद हुए, लेकिन दोनों बरी हो गए। लेकिन युवक के मन में बदले की भावना पनपती रही। 21 अक्टूबर को उसने भदोही में कॉलेज के प्रिंसिपल योगेंद्र बहादुर सिंह की हत्या कर दी। इसके लिए उसने 3 शूटर्स को 5 लाख रुपए देकर हायर किया। पुलिस ने मंगलवार (29 अक्टूबर) को प्रिंसिपल हत्याकांड का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी सौरभ सिंह ने पुलिस को बताया– 1997 में मेरे पिता अजय बहादुर सिंह की हत्या की गई थी। हत्या में योगेंद्र बहादुर सिंह और उसके भाई अनिल सिंह नामजद हुए थे। बाद में वह कोर्ट से बरी हो गए थे। बदला लेने के लिए मैंने प्रिंसिपल की हत्या की। पुलिस ने बताया कि जिस तरह से सौरभ के पिता की हत्या हुई थी, उसी अंदाज में शूटर्स ने योगेंद्र बहादुर की हत्या की। सौरभ मास्टरमाइंड था। उसने 3 शूटर्स को हायर किए। रेकी कर पूरी वारदात की। पुलिस पूछताछ में सौरभ ने बताया– जब मेरे पिता की हत्या हुई थी, तब मैं 5 महीने का था। मैं जब बड़ा हुआ, तो मां ने मुझे पिता की हत्या के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद मैंने पूरे मामले के बारे में पता किया। वकीलों से भी बातचीत की। जब मैंने पूरी बातों का पता लगा लिया, तो लगा कि मेरे पिता के साथ गलत हुआ था। उनकी हत्या योगेंद्र बहादुर और घ्उसके भाई अनिल सिंह ने ही की थी। मैंने भी बदला लेने के लिए प्रिंसिपल की हत्या की पूरी साजिश रची। मैंने कलीम समेत 3 शूटर्स को हायर किया। कलीम को मैं पहले से जानता था। वह प्रयागराज के फाफामऊ रहने वाला है। 35 साल के कलीम पर 12 मुकदमे भी दर्ज हैं। मैंने कलीम को 5 लाख रुपए की सुपारी दी। दो अलग–अलग शूटर्स के साथ प्रिंसिपल के गांव और विद्यालय की रेकी की। पहले 19 अक्टूबर को प्रिंसिपल की हत्या का प्लान था, लेकिन हम लोग सफल नहीं हो पाए। 21 अक्टूबर को सुबह बाइक सवार दो शूटर प्रिंसिपल के घर पर और दो शूटर कॉलेज में थे। स्कूल वाले शूटर्स ने प्रिंसिपल की हत्या कर दी। सौरभ शिवकुटी में घरों के नक्शे बनाने का काम करता है।


सम्पादक
**सिद्धनाथ द्विवेदी**
प्रबन्धक निदेशक
**दीपक जयसवाल**
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062